संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) (क) से (ङ) संबंधित यूनिटों से जानकारी मांगी गई है और इसे यथाशीघ्र सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडलों के विदेशों के दौरे

1474. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन:** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्षों में अनेक औद्योगिक या वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक प्रतिनिधि मंडलों ने विदेशों का दौरा किया था ;

(ख) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों अर्थात् 1989-90 और 1990-91 के दौरान उपयुक्त प्रतिनिधि मंडलों में से कितने-कितने प्रतिनिधि मंडल सरकारी खर्च पर विदेशों को भेजे गये थे ; और

(ग) विदेशों को भेजे गए इन प्रतिनिधि मंडलों पर प्रति वर्ष कुल कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई ;

विदेश मंत्री (श्री माधव सिंह सोलंकी): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) अपेक्षित सूचना विभिन्न मंत्रालयों से एकत्र की जा रही है और एकत्र होने पर इसे सदन की मेज पर रख दिया जाएगा।

मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों को चार लेन का बनाया जाना

1475. **श्री अजीत जोगी :**

कुमारी सईदा खातून :

क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में इस समय कौन-कौन से राष्ट्रीय राजमार्गों को चार लेन के मार्ग में बदला जा रहा है;

(ख) चालू वित्तीय वर्ष और आगामी दो वर्षों में इस कार्य पर कितनी धनराशि व्यय किए जाने का विचार है; और

(ग) अन्य महत्वपूर्ण राजमार्गों पर यह कार्य कब तक शुरु किया जायेगा ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) और (ख) मध्य प्रदेश से गुजरने वाले किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग को इस समय चार लाईन का नहीं बनाया जा रहा है। तथापि राष्ट्रीय राजमार्ग 3 के इंदौर-देवास खंड को चौड़ा करके चार लाईन का बनाने और इंदौर शहर के चारो ओर चार लेन का उपमार्ग बनाने का प्रस्ताव है जिसकी अनुमानित लागत क्रमश: 26.44 करोड़ रुपये और 57.88 करोड़ हैं। इन परियोजनाओं को प्रस्तावित द्वितीय राष्ट्रीय राजमार्ग ऋण के लिए विश्व बैंक को प्रस्तुत किया गया है, जिसको बैंक द्वारा अभी अन्तिम रूप से अनुमोदित नहीं किया गया है। वार्षिक योजना 1991-92 में इन कार्यों के लिए क्रमश: 25 लाख रु० और 50 लाख रु० का अन्तिम प्रावधान किया गया हैं। अगले दो वर्षों में इन कार्यों के लिए किए जाने वाले आवंटन को अभी से नहीं बताया जा सकता क्योंकि यह योजना परिव्ययों पर निर्भर होगा।

(ग) चूंकि अभी आठवीं योजना को अन्तिम रूप नहीं दिया गया है इसलिए इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता।

Open Corridor for American Military Aircraft

1476. SHRI SANTOSH BAGRODIA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that American military aircraft were allowed open corridor during the last three years;

(b) if so, when was it allowed and upto what period; and